Community Radio Station
Alwar ki Awaz 90.8 MHz

प्रेस-विज्ञप्ति

दिनांक: 9-3-2017

बेटी पढ़ेगी तभी समाज को रफ्तार मिलेगी-प्रवीण मिश्रा न्यायधीश

अलवर 9 मार्च 2017। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह समारोह की श्रृंखला में सामुदायिक रेडियो अलवर की आवाज ने सनराईज यूनिवर्सिटी एवं आईईटी ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम-घेघोली तहसील रामगढ़ में महिला सशक्तीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. अल्पना बिश्नोई ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं व बेटियों को कानूनी शिक्षा व उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करते हुए इस विषय पर बल दिया गया कि महिलाएं कानूनी अधिकारों द्वारा ही शिक्षित होकर समाज में गरिमामय जीवन जी सकती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मंजु अग्रवाल, कार्यकारी निदेशिका, सनराईज यूनिवर्सिटी एवं आईईटी ग्रुप ने की। जबकि मुख्य अतिथि के तौर पर न्यायधीश श्री प्रवीण कुमार मिश्रा पूर्वकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. अर्चना यादव प्राचार्य सनराईज लॉ कॉलेज के स्वागत भाषण से हुई। प्रवीण मिश्रा ने इस अवसर पर महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह, महिला शोषण व भ्रूण हत्या आदि सामाजिक कुरूतियों के खिलाफ महिलाओं को मजबूती के साथ लड़ाई लड़नी होगी। महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक ऋषिराज सिंघल ने इस अवसर पर कहा कि महिलाओं के लिए सरकार ने अनेक योजनाएं चला रखी है जिनका लाभ उठाना चाहिए और सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कृष्ण सिद्ध, सदस्य जिला लोक शिकायत समिति मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे तथा अपने व्क्तव्य में कानूनों की संसोधन के सन्दर्भ में सुझाव दिये। पंजाब नेशनल बैंक मैनेजर बीरबल गाबा ने डिजिटल बैंकिंग व कैसलेस लेन देन की जानकारी दी। सिविल जज ट्रेनी उदिता जैन, नीरू सैनी व अभिनव पांडे ने महिलाओं को उनके अधिकारों की अहम जानकारियां दी। सनराईज यूनिवर्सिटी के प्रो. अंकुर जैन व सौरभ खण्डेलवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में लगभग 130 महिलाएं उपस्थित थी। ग्राम पंच गोपाली देवी ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता बिमला देवी तथा प्रेम देवी का भी विशेष योगदान रहा।

घेघोली की बेटियों अंजली, सलोनी, सानिया व पायल के स्वागत गान व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं विषय पर गीत प्रस्तुती ने सबका मन मोह लिया। सनराईज यूनिवर्सिटी की डीन डॉ. मधुबाला शर्मा ने भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने का वायदा करते हुए कार्यक्रम में पधारे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में रेडियो अलवर की आवाज के सदस्य प्रो. अशोक सिंह सुनहाल, प्रो. अरुणा बंसल, शैलेन्द्र सिंह शेखावत, राजकुमार तिवारी, राकेश गुप्ता, रूचि सिंह व वीर प्रताप सिंह का भरपुर सहयोग रहा। मंच संचालन प्रो. अल्पना विश्नोई ने किया।

IET Group of Institutions
North Extension, MIA, Alwar 301030, Rajasthan Telephone: +91-144-5121190, +91-9887773000
Email: radioalwar@gmail.com www.aietalwar.com www.radioalwar.com